

# पार्षदों की बगावत जारी, मंत्री से मिले

**खास बातें**
- आपसी विवाद में उलझा विकास
- सड़क हादसे में दो पार्षद घायल

नवभारत न्यूज

**विदिशा 13 जुलाई,** विदिशा की नगर पालिका में पार्षदों के बगावत के तेवर जारी हैं. पहले जहां कई पार्षदों ने नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी की थी और मामला ठंडे वस्ते में चला गया. नपा के पार्षदों का मामला केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान तक पहुंच गया है. केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात के बाद पार्षदों को सलाह दी गयी कि वे संगठन मंत्री और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष से मुलाकात करें. जहां पार्षदों ने दोनों मुलाकात की और उन्हें यह भरोसा दिलाया कि वह इस पूरे मामले को देखेंगे. बताया गया कि करीब 15-17 पार्षद मुलाकात करने के लिये भोपाल पहुंचे थे.

## देर रात तक हुई बैठकें

शनिवार रात अध्यक्ष समर्थक पार्षदों को जैसे ही पता चला कि रविवार को कुछ विरोधी पार्षद भोपाल जाकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलने वाले हैं तो हड़कंप मच गया. इसके बाद अहमदपुर क्षेत्र स्थित नगरपालिका अध्यक्ष के कार्यालय और फिर सागर पुलिया क्षेत्र स्थित उनके निवास पर बैठकें शुरू हो गईं जो देर रात तक चलती रहीं.



## घर लौटते समय हादसा, दो घायल

बैठकों के बाद वार्ड 23 के पार्षद प्रतिनिधि जमुना कुशवाहा और वार्ड 24 के पार्षद धर्मेंद्र सक्सेना को एक पार्षद प्रतिनिधि ने मिलने के लिए बुलाया. बताया गया कि मुलाकात के बाद जब दोनों लौट रहे थे तभी रात करीब 2 बजे लड्डा एजेंसीज के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनके दो पहिया वाहन को पीछे से टक्कर मार दी. हादसे में दोनों घायल हो गए.जिन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया. घटना को लेकर पार्षद प्रतिनिधि अखिलेश राजपूत ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए इसे घातक हमला करार दिया है.हालांकि इस मामले में अभी घायल हुए पार्षदों से चर्चा नहीं हो सकी है.

## मलाईदार कुर्सी की चाहत में पार्षदों का डोला ईमान!

करीब 400 करोड़ का बजट रखने वाली नगर पालिका में अध्यक्ष की कुर्सी हांसिल करने के लिये पार्षदों ने अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर उसे पास कराने की पूरी कोशिश कर ली है लेकिन जितने पार्षदों की संख्या की जरूरत है. उतने पार्षद एकत्रित नहीं हो पा रहे हैं और बार बार अविश्वास प्रस्ताव की हवा निकल रही है.बगावत कर रहे पार्षदों के बीच कई मीटिंग हो चुकी हैं और अभी तक कोई नतीजा निकल कर सामने नहीं आया है.

## कार की स्पीड से लग रहा है मारी है टक्कर

अब सवाल उठता है कि क्या यह वाकई महज एक सड़क हादसा है या फिर पार्षदों के बीच चल रहे राजनीतिक विवाद का कोई भयावह संकेत? संगठन इस पूरे घटनाक्रम पर चुप क्यों है? जनता की समस्याओं से मुंह मोड़ कर क्या केवल कुर्सी की राजनीति ही प्राथमिकता बन चुकी है? नगर के हालात यह सवाल करने पर मजबूर कर रहे हैं कि आखिर कब तक विकास कार्यों को नजरअंदाज कर सियासी दांवपेंच चलते रहेंगे? कुछ सेकेंड के वायरल हुये वीडियो में देखकर कयास लगाये जा रहे हैं कि पार्षदों को जिस कार ने पीछे से टक्कर मारी है उसकी रफ्तार काफी तेज है.सुनसान सड़क पर हुये इस हादसे का वायरल वीडियो के बाद भी पुलिस न तो कार का पता कर सकी और न ही टक्कर मारने वालों के बारे जानकारी जुटा पायी.

## क्या नया अध्यक्ष बनाकर अपने इशारों पर चलाना चाहते हैं नपा?

नपा के घटनाक्रम पर वरिष्ठ भाजपा नेता व अधिवक्ता विमल प्रकाश तरण ने भी फेसबुक पोस्ट से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है.तारण ने अपनी फेसबुक पोस्ट में लिखा शनिवार को सांसद , प्रभारी मंत्री , विधायक सभी मौजूद थे नपाध्यक्ष, तथा पार्षदों की वरिष्ठ नेताओं से ऐसी क्या चर्चा हुई कि रविवार को अनेकों पार्षद भोपाल कूच कर गये , क्या योजना है भाजपा के कर्णधार की, क्या अध्यक्ष पर दबाव बनाकर स्तीफा दिलाना चाहते हैं ? या परिषद में अपने चहेते को नया अध्यक्ष बनाकर स्वंय के इशारे पर नपा का संचालन करना चाहते हैं ? या परिषद भंगकराकर अपने हिसाब से संचालन करना चाहते हैं ?तारण ने कहा कि तख्ता पलट करना है तो उनका करो, जो इस शहर के जिम्मेदार हैं.जिम्मेदार ने पार्षदों के टिकिट बांटे थे, तब परिषद में अध्यक्ष अनारक्षित महिला कोटे से बनना था. तव नये- नये भाजपा में आयी पार्षद प्रीति राकेश शर्मा को बड़े - बडे चुनावी बादे करते हुए अध्यक्ष बनाया.पिछले 1 वर्ष से विकास में गतिरोध बना है, कभी सीसी डामर की सड़के बनाने की बात पर काम पूरी तरह ठप्प है.

# 4 झोलाछाप डॉक्टरों पर हुयी कार्यवाही

## कुरवाई में नीम हकीम और खतरे जान

नवभारत न्यूज

**कुरवाई 13 जुलाई,** जिला प्रशासन को लंबे समय से मिल रही शिकायतों के बाद जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के द्वारा झोला छाप डॉक्टरों के द्वारा फर्जी तौर पर चलाए जा रहे क्लिनिकों पर छापे मारे गए. विगत एक पखवाड़े से झोलाछाप डॉक्टरों की डिग्री एवं उनके क्लीनिक संचालन के वैध प्रमाण पत्रों की प्रशासनिक स्तर पर जांच की जा रही थी.

लंबे समय तक जांच एवं पूछताछ के उपरांत रविवार की शाम कुरवाई थाने में चार झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है. पुलिस थाना कुरवाई में पदस्थ हेड कस्टेबल शेर सिंह रघुवंशी ने बताया कि अवैध रूप से चिकित्सा क्लीनिक का संचालन कर रहे 4 झोला छाप डॉक्टरों पर मुकदमा कायम कर कार्रवाई की गई है.



## जगद्गुरु डॉ .वेदांती के दो दिवसीय प्रवचन व दीक्षा कार्यक्रम हुआ शुरू

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में जगतगुरु डॉ राम कमलाचार्य वेदांती जी का दो दिवसीय प्रवचन एवं दीक्षा कार्यक्रम 13 एवं 14 जुलाई को आयोजित किया गया है. आश्रम के महंत हरिहरदास जी महाराज ने बताया कि डॉ वेदांती जी द्वारा सुबह 9 बजे से भक्तों को दीक्षा दी जाएगी एवं दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्रवचन होंगे.

## दिन दहाड़े मारपीट कर स्कूटी लूट कर भागे

- पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा, दूसरे की तलाश

नवभारत न्यूज

**गुलाबगंज, गुलाबगंज से करीब आठ किलोमीटर दूर रंगई मंदिर के पास का निवासी केशव कुशवाह अपने साथी के साथ गुलाबगंज की ओर आ रहा था सेमरा पड़रात वेअरहाउस दिन के तीन बजेके पास आरोपी जीतू अहिरवार धटेरा थाना त्योंदा एवं उसके साथी ने केशव कुशवाह के साथ मारपीट कर स्कूटी छुड़ा ली पीढ़ीत गुलाबगंज अस्पताल आया लेकिन वहां डाक्टर नहीं होने से इलाज नहीं हो सका.**

टीआईमोहरसिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी जीतू अहिरवार को पुलिस द्वारा स्कूटी सहित पकड़ा गया है दूसरे की तलाश जारी है पीड़ित को मेडिकल के लिए अस्पताल भेज रहे हैं पुलिस की तत्परता से आरोपी को पकड़ा गया.लेकिन दिन के तीन बजे आरोपी के होंसले कितने बुलंद हैं यह दर्शाता है यह गुलाबगंज बासोदा रोड पर यातायात कम रहता है.

## एक नजर में

### एसपी ने ली समीक्षा बैठक,दिये निर्देश

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम में जिले के थाना कोर्ट मुंशी, समंस वारंट मुंशी एवं न्यायालय कोर्ट मोहर्रिरों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई.बैठक में एसपी काशवानी ने थानावार स्थायी, समंस, वारंट की तामीली एवं चालान पेश होने की प्रगति की समीक्षा की. उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक समंस, वारंट व स्थायी वारंट की तामीली शीघ्र कराई जाए और लंबित चालान समयसीमा में न्यायालय में पेश किए जाएं.इस दौरान सनसनी खेज चिन्हित अपराधों में साक्षियों की उपस्थिति तथा समंस वारंट की तामीली की समीक्षा हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए.

### प्रकाश बने नामदेव समिति के अध्यक्ष



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** नामदेव समाज की बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से समाज की समिति का अध्यक्ष प्रकाश नामदेव को घोषित किया गया.इस अवसर पर नामदेव समाज के लोगों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया. इस अवसर पर श्रीमती मीरा बहन द्वारा समाज की धर्मशाला बाउंड्री वॉल के निर्माण हेतु10 हजार रुपए प्रदान किया. समाज के सभी लोगों ने उनका आभार माना.



## बरसात महोत्सव मनाया, विधायक ने किया पौधरोपण

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** नवीन कृषि उपज मंडी प्रांगण में अनाज तिलहन व्यापारी संघ एवं कृषि उपज मंडी के सहयोग से मंडी प्रांगण में बरसात महोत्सव मनाया गया. जिसमें विधायक हरि सिंह रघुवंशी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीतू देवेंद्र सिंह रघुवंशी, अनाज तिलहन व्यापारी संघ के संरक्षक शिव शरण सिंह रघुवंशी, संघ के अध्यक्ष सतीश जैन कटारे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भानु प्रताप शर्मा, काके सिंह व अन्य पदाधिकारी व्यापारी भी उपस्थित थे.इस अवसर पर विधायक ने कहा कि वृक्षों की सुरक्षा और देखरेख मंडी कर्मचारियों को करना है ताकि यह पौधरोपण औपचारिकता बनकर न रह जाए.जो वृक्ष लगाए गए हैं वह दिखाई भी दें. इस अवसर पर मंडी व्यापारियों अधिकारी कर्मचारी तथा मजदूरों ने विधायक का फूल मालाओं से स्वागत किया तथा मंडी की समस्याओं से भी अवगत कराया.

# केवटन नदी के पुल से गिरते गिरते बचा वाहन

**खास बातें**
- समाचार पत्र के बंडल ले जा रहा था वाहन
- पुल के दोनों और नहीं बनी है रेलिंग



नवभारत न्यूज

**कुरवाई,** कुरवाई तहसील के ग्राम देवली से मंडीबामोरा देवली रोड पर मोदनखेड़ी ग्राम के पास बनाए गए केवटन नदी के पुल के दोनों ओर रोड धसकने तथा मिट्टी का कटाव होने से नवनिर्मित पुल क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में पहुंच गया है. गत दिवस पुल पर से गुजर रहा समाचार पत्र के बंडल ले जा रहा वाहन मिट्टी के साथ धसक कर पुल के नीचे जाने से बचा.ड्राइवर ने कूद कर बचाई जान जेसीबी से उठाया गया वाहन, ग्रामीणों ने पुल निर्माण करने वाले ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है. ग्राम पंचायत देवली तथा ग्रामीण जन के द्वारा शासन प्रशासन से मांग की गई है कि इस मार्ग पर बनाई गई इस पुलिया का दोनों और का कटान बनाई जाए रेलिंग लगवाई जाए, पुल तथा उसके दोनों और के रोड को इस हालत में छोड़ने पर सुधार करवाने की मांग क्षेत्र के अनेक ग्राम वासियों तथा वाहन मालिको ने की है. इस मार्ग पर चलते-चलते केवटन नदी के पुल के पास ड्राइवर संतोष साहू का वाहन पुल पर रेलिंग नहीं होने तथा मिट्टी धसकने से बाल बाल बचा, पुल से नीचे गिरने से बचे दैनिक समाचार पत्र के बंडल ले जा रहे, वाहन के चालक ड्राइवर संतोष साहू ने बताया कि रोड के दोनों और अंधा मोड़ होने के कारण इस मार्ग पर आ रहे वाहन मिट्टी के कटाव में रोड के किनारे से गिरने के कगार पर पहुंचे रहे हैं. जिससे इस मार्ग पर कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना की आशंका पैदा हो गई है. उनका वाहन पुल के नीचे धसक रहा था, ड्राइवर ने उतरकर अपनी जान बचाई तथा वाहन को जेसीबी से उठाकर रोड पर रखा गया. इस तरह की घटना आगे रोकने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा तत्काल संबंधित ठेकेदार से पुल के दोनों और रेलिंग बनवाए जाने की मांग बलवती हो रही है.

# इनर व्हील क्लब वंडर्स का अधिष्ठापन समारोह हुआ संपन्न

नवभारत न्यूज

**विदिशा, इनर व्हील क्लब विदिशा वंडर्स के अंतर्गत होटल प्राइड में अधिष्ठापन समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें क्लब की नई कार्यकारिणी ने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया. श्रीमती रितु गोयल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष रूप में शपथ ली तथा श्रीमती निधि अग्रवाल ने सचिव का कार्यभार ग्रहण किया.**

श्रीमती अहिल्या व्यास द्वारा महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए क्लब के नवनिर्वाचित सदस्यों का उत्साह वर्धन किया. डॉ रुपाली जैन द्वारा क्लब के किए गए कार्यों की सराहना की गइ. क्लब में कोषाध्यक्ष शैल अग्रवाल ,एडिटर के श्रीमती रिचा राय, आइएसओ तिस्ता दत्ता ने पद भार ग्रहण किया.कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शालिनी जाट द्वारा किया गया.

निःशुल्क सेवा
- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के ठीक बाजू में बने सेवाघर आकर कृपया संपर्क करें

जल्द ही बजेगा
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो RADIO
www.vikaspachori.in

# नेमा समाज ने लगाया नि :शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर




नवभारत न्यूज

**विदिशा,** नेमा समाज द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन समाज की धर्मशाला में किया गया. यह शिविर डॉ.अमित नेमा के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया. जिसका लाभ समाज के सदस्यों सहित स्थानीय निवासियों ने भी उठाया.शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं. जिनमें हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. पीयूष सक्सेना, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा जैन, दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिवेश प्रताप सिंह, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश अहिरवार, और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आयुषी नेमा प्रमुख रूप से शामिल थे.इस अवसर पर नेमा समाज के अध्यक्ष गोविंद नेमा, डॉ. लोकेश्वरी नेमा ने सभी चिकित्सकों का परिचय कराया. उन्होंने इस नि:शुल्क चेकअप और परामर्श शिविर को समाज और स्थानीय समुदाय के लिए अत्यंत लाभकारी बताया. केयर हेल्थ पैथोलॉजी की ओर से रक्त एवं संबंधित जांचें न्यूनतम दरों पर उपलब्ध कराई गईं, जिससे अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें. कार्यक्रम में समाज के कार्यकारी अध्यक्ष मोहन प्रसाद नेमा, पूर्व अध्यक्ष जगदीश नेमा, सुरेश नेमा, बाबूलाल नेमा, गंगाधर नेमा, रघुनंदन नेमा, जयनारायण नेमा, सुनील नेमा, राजेश नेमा, दीपक नेमा,नितिन नेमा, संजय नेमा, प्रदीप नेमा, अभिषेक नेमा अध्यक्ष युवा मंडल लायंस क्लब आर्या की अध्यक्ष डॉ. निष्ठा नेमा, सचिव ऊषा नेमा, कोषाध्यक्ष छाया नेमा आदि उपस्थिति रही. उक्त जानकारी समाज के महामंत्री अनुज नेमा ने दी.

## शास्त्रीजी की स्मृति में पौधरोपण आज

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** श्री रामलीला के संस्थापक धर्मदिवाकर पंडित विश्वनाथ शास्त्री जी के शिष्य स्व. पंडित छोटेराम शास्त्री पांझ वालों की 31वीं पुण्यतिथि श्रावण कृष्ण चतुर्थी 14 जुलाई से ग्राम पांझ, धतूरिया और मिर्जापुर में फलदार पौधे लगाने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है. साथ ही सुन्दरकाण्ड, भजन कीर्तन का आयोजन भी रखा गया है.शास्त्रीजी नगर की धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं से जुड़े रहे साथ ही आपने रामलीला में निरंतर 74 वर्षों तक अभिनय भी किया. ग्राम पांझ में उनकी स्मृति में फलदार वृक्ष लगाकर श्री हनुमान मंदिर परिसर को आकर्षक बनाया गया है.

## बांसकुली स्थित बड़े गणेश मंदिर पर चल रहा पार्थिव शिवलिंग निर्माण

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा अर्चना का विशेष महत्व बताया गया है. इसी को देखते हुए बांसकुली स्थित बड़े गणेश मंदिर में शिवलिंग निर्माण की प्रक्रिया कई वर्षों से चल रही है.मंदिर के पुजारी बताते हैं कि पिछले 9 सालों से यहां पार्थिव शिवलिंग बनाए जा रहे हैं.जो रोजाना आकार में बड़े होते जाते हैं.श्रावण मास के अंत में बेतवा नदी में इनका विसर्जन किया जाता है.




**बरसात** | लगातार हो रही बारिश से बन रहे हालात

# रेहटी बांध का खुला एक गेट, नदी का बढ़ा जल स्तर

नवभारत न्यूज

**पठारी,** नगर एवं क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश एवं शनिवार रात से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश से नागरिकों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया. रविवार की सुबह से हो रही तेज बारिश की वजह से अधिकांश व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखें क्योंकि बाजार में नागरिक ही नजर नहीं आ रहे थे.बारिश के चलते व्यापार चौपट रहा बारिश की वजह से क्षेत्र के नदी नाले उफान पर हो रहे हैं.नालों पर पानी आ गया .बीना नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया. वही भारी बारिश के चलते रेहटी बांध परियोजना के 7 गेंट में से सुबह से रेहटी बांध परियोजना के एक 4 नंबर गेट को 60 सेंटीमीटर खोल दिए गए हैं.बारिश को देखते हुए थाना प्रभारी गौरव बाजपेई एवं पुलिस लगातार नदी नालों के पास बने गांव में सर्चिंग करते रहे एवं ग्रामीणों से अपील करते रहे है कि यदि जल स्तर बढ़ता है तो वह तुरंत प्रशासन को सूचित करें एवं पुलियों पर अधिक पानी होने पर नदी नाले पार ना करें।वही रेहटी परियोजना के चौकीदार रामबाबू ठाकुर ने बताया कि रात्रि में डैम के गेटों के पास एक मगरमच्छ दिखाई दिया है.



## कुरवाई में नदी नाले उफान पर,खेतों में भरा लवालव पानी

कुरवाई नगर तथा आसपास के ग्रामों में बीती रात तथा रविवार को दोपहर तक चलती रही तेज बारिश के कारण नदी नालों में उफान आया है.खेतो में पानी भर जाने के कारण कुरवाई कैथोरा मार्ग के ग्राम राजपुर तथा भौंरासा मल्हारगढ़ मार्ग के ग्राम टेंकू के खेतों का पानी मुख्य सड़क पर आ गया था. सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कुरवाई के द्वारा वाहनों की आवाजाहि रोकने के लिए मार्गों पर वेरी कैट्स लगाए गए. हालांकि शाम तक उन्हें खोल दिया गया है.

